हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 28 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 37.5 डिग्री
न्यूनतम 18.5 डिग्री

11 डिजिटल भुगतान और कॉमर्स का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं को साइबर क्राइम से सतर्क रहने की आवश्यकता



12 वीरवार को रेवाड़ी बावल व कोसली में 20 हजार क्विंटल सरसों की हुई सरकारी खरीद



DK Realestate
A name you can trust it.
DK Real Estate
लेकर आया है आपके लिए रेवाड़ी की प्राइम लोकेशन नया बस स्टैण्ड व मैट्रो स्टेशन के पास
प्लॉट ही प्लॉट
मात्र 16500 - 20000
प्रति वर्ग गज से शुरू
9467141575
Website : www.dkrealestate.co.in
Dinesh Kumar dkrealestaterewari DK Real Estate

## खबर संक्षेप

### दहेज प्रताड़ना मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** विवाहिता को दहेज की मांग पर प्रताड़ति करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो आरोपी सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। गत वर्ष थाना क्षेत्र के गांव निवासी विवाहिता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए तंग करने के आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने काउंसलिंग के जरिए दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। बार-बार प्रयासों के बाद भी समझौता नहीं हुआ, तो पुलिस ने केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने राजस्थान के हटूंडी निवासी बलबीर और उसके भाई रामकुमार को गिरफ्तार कर लिया।

### मारपीट के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल में उपवाराधीन घायल के बयान पर 26 मार्च को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। घटना के कुछ समय बाद ही पुलिस ने राजस्थान बरवाड़ा निवासी गुलशन कुमार को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त लोहे की रॉड बरामद की गई है। बाद में उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से जमानत मिलने के बाद रिहा कर दिया गया।

### सड़क हादसों के आरोपी दो चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग सड़क हादसों को अंजाम देने के दो गाड़ी चालकों को गिरफ्तार किया है। थाना सदर पुलिस ने स्कॉर्पियो गाड़ी की टक्कर से हुई एक व्यक्ति की मौत के मामले में 25 मार्च को केस दर्ज किया था। चालक घटना के बाद फरार हो गया था। इस मामले में गोकलगढ़ निवासी सचिन को गिरफ्तार कर लिया। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने 26 फरवरी को फ्लाईओवर के पास हुए सड़क हादसे के आरोपी राजस्थान के सीकरी निवासी आशिफ को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### राधा-कृष्ण मंदिर में रक्तदान शिविर 31 को

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन स्थित राधा कृष्ण मंदिर में 31 मार्च को सुबह 9:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक अदलखा परिवार की ओर से जोगिंदर मेमोरियल ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। सुदेश अदलखा की पुण्यतिथि के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन करने जा रहा है। अदलखा परिवार का यह पांचवां रक्तदान होगा। शिविर के आयोजक डा. नवीन अदलखा ने बताया कि 18 से 55 वर्ष की आयु का कोई भी व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। प्रत्येक रक्तदाता को उपहार व प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

### आर्य समाज में नवसंवत उत्सव रविवार को

**रेवाड़ी।** शहर के सेक्टर-3 स्थित आर्य समाज भवन में रविवार 30 मार्च को प्रातः 8.30 बजे से वैदिक यज्ञ उपरांत विक्रमी संवत-2082 के शुभारंभ पर उत्सव का आयोजन किया जाएगा। आर्य समाज की प्रवक्ता सरोज यादव ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य समाज के प्रधान बुद्धदेव आर्य करेंगे। प्रवक्ता ने इस शुभ अवसर पर क्षेत्र की सभी धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संस्थाओं से शामिल होने का आह्वान किया है।

### डीटीपी का तबादला होने के बाद मंदीप सिहाग ने दूसरी बार संभाला चार्ज

# डीटीपी ने किया अवैध प्लॉटिंग का सर्वे निर्माण पर जेसीबी की कार्रवाई होगी तेज

- तेजी से शुरू हुई निर्माण गिराने की कार्रवाई के बीच डीटीपी राजेंद्र का तबादला

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी





रेवाड़ी। शहर के बाहर एक प्लॉटिंग का निरीक्षण करते हुए डीटीपी, कुंड के पास पाडला में सड़क किनारे काटी जा रही कॉलोनी। फोटो :हरिभूमि

भूमाफिया ने शहर व कस्बों में अवैध प्लॉटिंग का कार्य तेजी से शुरू किया हुआ है। डीटीपी का कार्यभार संभालने के बाद जिस तरह से राजेंद्र टी शर्मा ने एक के बाद एक कई निर्माण पर जेसीबी चलवाई थी, उससे प्रॉपर्टी डीलरों और कॉलोनाइजरों की नींद उड़ गई थी। उनका तबादला होने के बाद इस बात की चर्चा भी जोर पकड़ गई कि अवैध निर्माण तोड़ने की कार्रवाई से घबराए राजनीति रूप से प्रभावी लोगों ने ही राजेंद्र शर्मा का तबादला कराया है। मंदीप सिहाग ने डीटीपी के रूप में दूसरी बार कार्यभार संभालते ही वीरवार को उन इलाकों का दौरा किया, जहां अवैध रूप से प्लॉटिंग और निर्माण हो रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि अवैध निर्माण के खिलाफ शुरू की गई कार्रवाई की गति अभी धीमी नहीं पड़ेगी। पूरे जिले में अवैध प्लॉटिंग और निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। कई इलाकों में तो पूरी कॉलोनियां काटी जा चुकी हैं। शहर के चारों ओर प्लॉटिंग की जा रही है। प्लॉट खरीदने वाले लोग निर्माण भी तेजी से कर रहे हैं। शहर के साथ-साथ कस्बा बावल, धारूहेड़ा, खोरी, कुंड, कोसली व पाल्हावास आदि क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में प्लॉटिंग की जा रही है। कुंड के पास पाडला में पूरी कॉलोनी काटी जा चुकी है। माजरा एम्स के आसपास बड़ी संख्या में प्लॉट काटे जा चुके हैं, जबकि इस इलाके में डीसी की ओर से काफी समय पहले ही पलॉटिंग पर रोक लगाने के आदेश जारी कर दिए गए थे। अरावली क्षेत्र में प्लॉटिंग हो रही हैं। मनेठी के आसपास प्रॉपर्टी डीलर कृषि भूमि खरीदकर प्लॉट काट रहे हैं। बावल एरिया में बड़े स्तर पर प्लॉटिंग की जा रही है। पूर्व डीटीपी राजेंद्र टी शर्मा ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी थी। बिना किसी दबाव के जिस तरह से उन्होंने कार्रवाई शुरू की थी, उससे उनके तबादले के बाद चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। चर्चा यहां तक है कि राजनीतिक तौर पर पहुंच रखने वाले डीलरों ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए उनका तबादला करा दिया। मंदीप सिहाग ने डीटीपी के रूप में दूसरी बार कार्यभार संभालने के बाद यह संकेत दे दिए हैं कि अवैध निर्माण तोड़ने की कार्रवाई में कमी नहीं आएगी। उन्होंने वीरवार को कई इलाकों का दौरा करते हुए प्लॉटिंग व निर्माण का जायजा भी लिया।

### धारूहेड़ा में कई एकड़ कृषि भूमि बिकी

कस्बा धारूहेड़ा में पुलिस स्टेशन और पार्श्वनाथ सोसायटी के पीछे कई एकड़ कृषि भूमि बिक चुकी है। इस जमीन पर प्लॉटिंग का कार्य शुरू हो चुका है। प्लॉटों की रजिस्ट्री पर प्रतिबंध होने के कारण फुल पेमेंट एग्रीमेंट के आधार पर प्लॉट बेचे जा रहे हैं। औद्योगिक एरिया में एक कंपनी के पीछे भी कई एकड़ जमीन पर प्लॉट काटे जा रहे हैं। बास रोड पर पहले ही प्लॉटिंग हो चुकी है। प्लॉट खरीदने वाले लोगों ने निर्माण भी शुरू किए हुए हैं, जिन पर कभी भी डीटीपी की जेसीबी चल सकती है। इसके लिए सर्वे का कार्य भी शुरू कर दिया गया है।

### *अवैध निर्माण की छूट किसी को नहीं*



*सरकार पॉलिसी बनाकर पुरानी अनियमित कॉलोनियों को नियमित करने की प्रक्रिया शुरू कर चुकी है। पॉलिसी के बाद किसी को भी नई कॉलोनी विकसित करने की छूट नहीं दी जाएगी। विभाग की ओर से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, जिन्होंने अनियमित कॉलोनियों में निर्माण किए हैं।* -**मंदीप सिहाग, डीटीपी।**

### वैध कॉलोनियों में तलाश रहे फर्स्ट पार्टी

अवैध कॉलोनियों में डीलरों के जरिए प्लॉट खरीदकर मकान बना चुके लोगों को वैध हुई कॉलोनियों में जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए फर्स्ट पार्टी की तलाश करने में ही पसीने छूट रहे हैं। इन कॉलोनियों में डीलरों ने पहली पार्टी से एग्रीमेंट के आधार पर जमीन खरीदने के बाद फुल पेमेंट एग्रीमेंट पर प्लॉट बेचे थे। जो कॉलोनियां वैध हो चुकी हैं, वहां खरीददारों को जमीन के असली मालिक तलाशने में मशक्कत करनी पड़ रही है। डीलर रजिस्ट्री कराने के नाम पर अतिरिक्त पैसे की मांग कर रहे हैं।

### 60 से अधिक लोगों को नोटिस दिए

सूत्रों के अनुसार डीटीपी विभाग की ओर से 60 से अधिक लोगों को नोटिस दिए हुए हैं। इनमें से लगभग एक दर्जन को दूसरी बार नोटिस जारी किए गए हैं। जिन लोगों को नोटिस जारी हो चुके, उनके निर्माण पर कभी भी तोड़-फोड़ की कार्रवाई हो सकती है। ऐसे में उन लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा, जो डीलरों के बहकावे में आकर अनियमित कॉलोनियों में प्लाट खरीदकर निर्माण कर रहे हैं।

# व्यक्ति पर फायरिंग करके जान लेवा हमला करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने मौके से एक अवैध देशी पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। कसोला पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो :हरिभूमि

कसोला थाना पुलिस ने बुधवार की रात गांव आसलवास निवासी एक व्यक्ति को घर से बाहर बुलाकर उस पर फायरिंग करके जानलेवा हमला करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गांव आसलवास निवासी सतबीर व नरेंद्र के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से एक अवैध देशी पिस्टल और पांच जिंदा रोंद बरामद किए है। गांव आसलवास निवासी प्रताप सिंह ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर एक प्लॉट बावल में लिया हुआ है। प्लॉट का एग्रीमेंट उसने अपने साथियों के नाम पर किया हुआ है। प्लॉट के एग्रीमेंट को लेकर बुधवार की रात को समय करीब 10 बजे उसके गांव के सतबीर और नरेंद्र ने फोन करके उसे बातचीत के लिए घर के बाहर बुलाया। जब वह घर के बाहर गया तो उन्होंने लोहे की पाइप से उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। सतबीर ने उस पर पिस्टल से एक राउंड फायर कर जानलेवा हमला कर दिया। गोली दीवार पर जाकर लगी। उसने आरोपी से पिस्तौल झपटी तो वह नीचे गिर गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### अग्रवाल वैश्य समाज रेवाड़ी विधानसभा की महिला उपाध्यक्ष बनी एडवोकेट रेखा

**रेवाड़ी।** अग्रवाल वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष नवीन सिंघल ने एडवोकेट रेखा अग्रवाल को अग्रवाल वैश्य समाज की रेवाड़ी विधानसभा की महिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। इस नियुक्ति पर एडवोकेट रेखा अग्रवाल ने जिला प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला, प्रदेश महिला अध्यक्ष सुशीला सर्राफ, रेवाड़ी जिला अध्यक्ष नवीन सिंघल व रेवाड़ी विधानसभा महिला अध्यक्ष सुनीता अग्रवाल का आभार जताया है। वैश्य समाज को आगे बढाने, समाज हित के लिए कार्य करने, समाज के लोगों को संगठित करके एकजुट करने और अग्रवाल वैश्य समाज से अपने समाज के लोगों को जोड़ने का आश्वासन दिया। इस नियुक्ति पर रेवाड़ी विधानसभा महिला सचिव सपना कुमारी अग्रवाल, अग्रवाल वैश्य समाज के सदस्य शशि बंसल, मीनाक्षी गोयल, कल्पना अग्रवाल, पूजा गुप्ता, अंजू अग्रवाल, सीमा खण्डेलवाल, प्रिया गोयल, निर्मल सिंघल, मनोज कुमार गुप्ता, संजय सिंघल, प्रवीण ने रेखा अग्रवाल को बधाई दी है।



रेखा अग्रवाल।

# महिला से 2.80 लाख रुपये की ठगी करने के मामले एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

- पुलिस ने आरोपी के कब्जे से साढ़े 43 हजार रुपये बरामद किए

साइबर थाना पुलिस ने गांव दखोरा निवासी एक महिला को कमीशन का लालच देकर 2.80 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान यूपी के जिला आगरा के शाहगंज निवासी सतीश के रूप में हुई हैं। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से साढ़े 43 हजार रुपये बरामद किए है। गत वर्ष 24 सितंबर को गांव दखोरा निवासी एक महिला ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसके पास इंस्टाग्राम पर एक लिंक आया था, जिस पर उसने क्लिक किया वो लिंक टेलिग्राम पर खुल गया तथा उसकी आईडी रजिस्टर कर दी गई। शुरूआत में उसके पास कुछ वीडियो भेजे गए तथा वीडियो लाइक करने पर कमीशन देने का लालच दिया गया। इसके बाद वह आरोपियों के चंगुल में फंसती चली गई। कई ट्रांजेक्शन के जरिए उसने करीब 2 लाख 80 हजार रुपये उनके अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दिए। पुलिस ने साइबर थाना में ठगी का मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पता लगा कि साइबर ठगी में यूपी के जिला आगरा के शाहगंज निवासी सतीश का बैंक खाता भी प्रयोग किया गया था। महिला के खाते से करीब 46 हजार 880 रुपये सतीश के खाते में गए थे। पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त सतीश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में महिला से ठगी का आरोपी।

### एसपी से मिले मृतक के परिजन

# बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौत, परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया, एसएचओ को सौंपी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी/बावल



रेवाड़ी। एसपी से मिलने के लिए जाते हुए ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

बावल के मोहल्ला वैधवाड़ा में एक करीब 80 वर्षीय की बुर्जुग की बाइक की टक्कर लगने से मौत हो गई। परिजनों ने रंजिश के चलते टक्कर मारकर हत्या किए जाने के आरोप लगाते हुए एसपी मयंक गुप्ता से कार्रवाई की मांग की। एसपी ने मामले की जांच बावल एसएचओ को सौंपी है। वैधवाड़ा निवासी रघबीर किसी काम जाने के लिए 26 मार्च को शाम के समय घर से बाहर निकला था। उसी दौरान एक बाइक ने उसे रघबीर को टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे एक प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा दिया। वीरवार को रघुबीर के पुत्र बिजेंद्र ने ग्रामीणों के साथ एसपी मयंक गुप्ता से मिलकर बताया कि उसके परिवार की मोहित के परिवार के साथ पुरानी रंजिश चल रही है। 15 जनवरी को हुए झगड़े के बाद रंजिश पैदा हुई थी। उसने आरोप लगाया कि मोहित व उसके परिवार के सदस्य बार-बार जान से मारने की धमकी दे चुके हैं। घटना के दिन भी उसके पिता को जान से मारने की धमकी दी गई थी। उसने आरोप लगाया कि मोहित ने ही उसके पिता को जान-बूझकर बाइक से टक्कर मारकर मौत के घाट उतारा है। एसपी ने उनकी शिकायत को जांच के लिए बावल एसएचओ के नाम मार्क किया है।

### जांच अधिकारी ने आरोपों को नकारा

दूसरी ओर जांच अधिकारी कर्णसिंह ने दावा किया है रघुबीर को जिस बाइक ने टक्कर मारी थी, उसे गांव का ही एक अन्य युवक चला रहा था। दोनों परिवारों के बीच पुरानी रंजिश के चलते हत्या के आरोप लगाए जा रहे हैं। पुलिस की ओर से रघुबीर पक्ष के लिखित बयान लिए गए हैं। उनके बयान पर निष्पक्ष जांच की जा रही है। जांच के बाद ही उपयुक्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# जिला प्रमुख ने कैबिनेट मंत्री से की विकास कार्यों को लेकर मुलाकात



रेवाड़ी। कैबिनेट मंत्री आरती राव से मिलते जिला प्रमुख। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला प्रमुख मनोज यादव ने चंडीगढ़ में कैबिनेट मंत्री आरती राव से मुलाकात की। इस मौके पर जिला प्रमुख मनोज यादव ने कैबिनेट मंत्री के साथ रेवाड़ी के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। आरती राव ने कहा कि प्रदेश में विकास के लिए किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए टोल फ्री नंबर सहित अन्य सुविधाओं की घोषणा की है।

टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# अप्रैल फूल-डे पर प्रैंक्स का मजा



फर्स्ट अप्रैल यानी 'अप्रैल फूल-डे', ऐसा दिन जब हम दूसरों के साथ प्रैंक करके उसे मूर्ख ही नहीं बनाते, दूसरे भी हमें मूर्ख बनाते हैं। इस दिन मूर्ख बनाने या बनने का एक अलग ही मजा है। टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स अप्रैल फूल-डे पर फूल बनाने और बनने की अपनी मजेदार यादें **बालभूमि** के साथ शेयर कर रहे हैं।

### मेरे प्रैंक पर पापा चौंक गए: वृही कोडवारा



**सिर्फ दोस्तों** के साथ ही नहीं, फैमिली में भी अप्रैल फूल-डे मनाने का एक अलग ही मजा है। सोनी सब के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में स्वरा पटेल की भूमिका निभा रही वृही कोडवारा हंसते हुए अप्रैल फूल-डे से जुड़ा अपनी फैमिली का ही एक मजेदार इंसिडेंट बताती है, 'लास्ट ईयर मैंने अपने पापा को अप्रैल फूल बनाने की प्लानिंग की। उनसे कहा- मेरे स्कूल में आज से ही गर्मी की छुट्टियां शुरू हो गई हैं। अब दो महीने तक कोई क्लास नहीं होगी। पापा इस बात पर चौंक गए। उन्होंने स्कूल ग्रुप पर मैसेज चेक किया, तो उन्हें समझ में आ गया कि मैंने उनके साथ प्रैंक किया है। उन्होंने भी मजाक में कहा- अच्छा! तो अब घर पर ही एक्स्ट्रा पढ़ाई होगी।'

वृही उस घटना के बारे में भी बताती है, जब वो खुद अप्रैल फूल बन गई थी। वृही के साथ प्रैंक उसकी मम्मी ने किया था। वह बताती है, 'एक बार अप्रैल फूल-डे पर मम्मी ने मुझसे कहा- जल्दी से पैकिंग कर लो, हम अभी छुट्टी मनाने के लिए गोवा जा रहे हैं। मैं इतनी एक्साइटेड हो गई कि बिना कुछ सोचे झटपट बैग में अपने कपड़े भरने लगी। जब सब तैयारी हो गई तो मम्मी हंसकर बोलीं- अप्रैल फूल! मैं पहले तो हैरान रह गई, फिर हम सब जोर से हंसने लगे।' *

### नहीं मिली चॉकलेट-टॉफी, मैं बन गया फूल: कविश खुंगर



**अप्रैल फूल-डे** है तो किसी से डरना कैसा, पापा से भी नहीं। शेमारू उमंग के लोकप्रिय शो 'मैं दिल तुम धड़कन' में कान्हा की भूमिका निभा रहे कविश खुंगर ने भी मजे से अपने पापा के साथ फर्स्ट अप्रैल को प्रैंक किया था। कविश हंसते हुए बताता है, 'मैंने पहली अप्रैल को अपने पापा के मोबाइल में हर पांच मिनट पर अलार्म सेट कर दिया। उन्होंने कई बार बंद किया, लेकिन अलार्म फिर से बजने लगता। वो इससे परेशान हो रहे थे। जब मैंने बताया कि यह मेरा काम था, तो पापा हंसने लगे और बोले- अरे, तूने तो मुझे सच में अप्रैल फूल बना दिया।'

कविश उस इंसिडेंट को भी याद करता है, जब वह अप्रैल फूल बना था। वह बताता है, 'एक बार, मेरे एक दोस्त ने मुझसे कहा- कविश, तुम्हारे लिए चॉकलेट्स और टॉफियां आई हैं। मैंने सोचा- वाह! कितना अच्छा है! मैं खुशी-खुशी जाकर उस जगह पर देखा, जहां उसने चॉकलेट और टॉफियां रखी होने की बात कही थी। लेकिन वहां कुछ भी नहीं था। पीछे से आकर वह दोस्त हंसते हुए बोला- अप्रैल फूल! चॉकलेट्स और टॉफियां तो नहीं मिलीं, लेकिन मुझे मजा बहुत आया, क्योंकि यह एक प्रैंक था।' *

### ...तब समझ आया मैं बन गया था अप्रैल फूल: सौम्य आजाद



**फर्स्ट अप्रैल** को किसी के साथ प्रैंक करके अप्रैल फूल-डे एंज्वॉय न किया जाए, यह कैसे हो सकता है। एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में रणवीर का रोल कर रहा सौम्य आजाद पिछले साल फर्स्ट अप्रैल के दिन सेट पर था, लेकिन यहां भी वह अपने फ्रेंड को मूर्ख बनाने से चूका नहीं। उसने इस शो में अपने को-आर्टिस्ट आर्यन प्रजापति को अप्रैल फूल बनाया था। सौम्य हंसते हुए बताता है, 'हम शूटिंग के बीच ब्रेक पर थे। मैंने आर्यन से बड़े सीरियस अंदाज में कहा- डायरेक्टर सर ने बुलाया है, वह कह रहे हैं कि तुम्हारा सीन बोगस शूट हुआ है। यह सुनकर बेचारा आर्यन दुखी हो गया। भागा-भागा डायरेक्टर सर के पास पहुंचा और बोला- सर, मैं फिर से कोशिश करता हूं, आप मुझे एक और टेक करने का चांस दे दीजिए। डायरेक्टर सर हंसते हुए बोले- अरे, तुम्हारा शॉट तो बहुत अच्छा हुआ, मैंने तो बुलाया ही नहीं! तब जाकर उसे समझ आया कि वह अप्रैल फूल बन चुका है। सेट पर जारा, मैं और बाकी सभी लोग जोर से हंस पड़े।'

सौम्य उस घटना का भी जिक्र करता है, जब वह खुद अप्रैल फूल बन गया था। वह बताता है, 'एक बार सेट पर ही आर्यन और जारा ने मिलकर मुझे अप्रैल फूल बनाया था। फर्स्ट अप्रैल के दिन जारा ने बड़े सीरियस टोन में मुझसे कहा- आज की शूटिंग कैंसल हो गई है, प्रोडक्शन से मैसेज आया है कि सभी घर जा सकते हैं। मैं तो खुशी से झूम उठा! फटाफट वैनिटी में जाकर ड्रेस बदली और बैग उठाकर घर जाने लगा। जैसे ही मैं गेट के पास पहुंचा, पीछे से जारा, आर्यन और पूरी टीम ने जोर से चिल्लाकर कहा- अप्रैल फूल! मैं वहीं खड़ा रह गया। सबकी हंसी सुनकर समझ आया कि इस बार मैं खुद ही अप्रैल फूल बन गया हूं।' *

### जब मैंने खा ली नीम वाली चॉकलेट: हेत मकवाना



**सन नियो** के शो 'रिश्तों से बंधी डोर' में कान्हा का किरदार निभा रहा हेत मकवाना अपने दोस्त को अप्रैल फूल बनाने का मजेदार इंसिडेंट बताता है, 'मैंने फर्स्ट अप्रैल की सुबह अपने खास दोस्त से कहा- अरे, आज स्कूल में अप्रैल फूल-डे पर स्पेशल छुट्टी दी गई है। वह बिना कुछ सोचे खुशी-खुशी घर में बैठ गया। थोड़ी देर बाद, जब उसे पता चला कि स्कूल की छुट्टी नहीं है, तो वह भागता हुआ स्कूल आया। जैसे ही मैंने उसे देखा, मैं जोर से हंसते हुए बोला- अप्रैल फूल! वह पहले तो बहुत गुस्साया लेकिन बाद में मैंने उसे मना लिया। थोड़ी देर बाद, हम दोनों मिलकर इस मजाक पर खूब हंसे।'

हेत आगे अपने अप्रैल फूल बनने का भी एक मजेदार किस्सा सुनाता है, 'एक बार फर्स्ट अप्रैल के दिन, सुबह-सुबह मम्मी ने मुझे एक चॉकलेट दी और कहा- ये बहुत खास चॉकलेट है, मैंने तेरे लिए खासतौर से बनाई है। खाकर बताओ कैसी लगी? मैंने जैसे ही खाया, मुंह में कड़वाहट फैल गई, मम्मी से बोला-अरे! यह तो नीम की चॉकलेट थी! मम्मी जोर-जोर से हंसते हुए बोलीं- अप्रैल फूल बनाया! मम्मी के यह बताने पर मैं भी हंस पड़ा।' *

**प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स**

हास्य कविता

अलका जैन 'आराधना'



## जंगल में अप्रैल फूल

चालू लोमड़ी, होशियार हाथी,
और जंगल के राजा शमशेर।
सब चौंक गए थे इक दिन,
देख जंगल में पत्तों का ढेर।
शमशेर सिंह ने जंगल में,
बैठक बुलाई इक आपात।
संदेह जताया उन्होंने यही,
शिकारी लगा के बैठे घात।
इसीलिए बनाए हैं ये गड्ढे,
ताकि हम इनमें जाएं गिर,
गिरकर ऐसे फंसें जाल में,
निकल न पाएं उससे फिर।
जल्दी से जल्दी हमें अब,
निकालना होगा कोई उपाय,
घोषणा करवा दो जल्दी,
जाल में कोई फंस न जाए।
सुनकर बातें राजा जी की,
भोलू भालू लगा मुस्काने
कहने लगा अप्रैल फूल है,
कोई भी इसका बुरा न माने।
सुनकर भालू की ये बात
शमशेर भी थोड़ा मुस्काया।
बोले-भालू भैया तुमने,
अप्रैल फूल हमें खूब बनाया।

कविता

डॉ. आर. पी. सारस्वत



## ईद सुहानी आई है!

ईद सुहानी आई है!
घर-घर खुशियां लाई है।
सलमा, रजिया, सुल्ताना,
चहक रहीं चिड़ियों जैसी।
नाचें-झूमें, इधर-उधर,
आज लगें गुड़ियों जैसी।
सबने प्यारी-प्यारी-सी,
नई ड्रेस सिलवाई है!
अन्नू, अनवर इनके भाई,
फूले नहीं समाते हैं।
'ईद मुबारक' कहते-कहते,
सब पर प्यार लुटाते हैं।
रमजानी काका ने तो,
बांटी आज मिठाई है!
आज पड़ोसी राज, रतन
घर पर मिलने आए हैं।
अब्बू-चाचू ने दोनों,
अपने गले लगाए हैं।
मीठी-सिंवइयों की मिल,
दावत खूब उड़ाई है!!

कहानी

जाकिर अली 'रजनीश'

सादिक को मन ही मन ईदगाह के बाहर फटे-पुराने कपड़े में भीख मांग रहे लड़के की मदद नहीं कर पाने का बहुत अफसोस हो रहा था। ईद की खुशी वह महसूस नहीं कर पा रहा था। लेकिन अब्बू ने कुछ ऐसा किया कि सादिक की ईद की खुशी दुगनी हो गई।

## ईद की दुगनी खुशी



ईद की नमाज खत्म होते ही सभी लोग एक-दूसरे से गले मिले, एक-दूसरे को मुबारकबाद देने लगे। इसके बाद सभी लोग अपने-अपने घरों की ओर चल पड़े। अपने दोस्तों से बातें करता हुआ सादिक भी ईदगाह से बाहर आ गया। तभी उसकी नजर सामने खड़े एक लड़के पर जा पड़ी। फटे-पुराने कपड़ों में लिपटा वह लड़का कह रहा था, 'बाबू जी, कुछ पैसे दे दो, हम भी खुशी मना लें।'

लड़के की दशा देखकर सादिक एक पल के लिए रुका। उसने सोचा ईद पर घर के बड़ों से उसे जो पैसे मिले हैं, उनमें से कुछ पैसे वह उस लड़के को दे दे। पैसे निकालने के लिए जैसे ही सादिक ने जेब में हाथ डाला, उसकी जेब खाली थी। दरअसल, वह अपने पैसे घर पर ही भूल आया था। घर लौटते हुए रास्ते भर सादिक उस लड़के के बारे में सोचता रहा। कब घर आ गया, उसे पता ही नहीं चला। घर में सभी लोगों से सलाम-दुआ करने के बाद वह अपने कमरे में जा बैठा। उसके चेहरे की खुशी अब काफूर हो चुकी थी। उसके मन में उस भिखारी लड़के की आवाज अब भी गूंज रही थी, 'बाबू जी ... हम भी खुशी मना लें।'

'कितना गरीब था वह लड़का। उसकी आवाज में भी कितना दर्द था। बेचारे के पास इतने पैसे भी नहीं कि ईद के दिन भी ठीक-ठाक कपड़े पहन सके।' सादिक के मन में बार-बार उस लड़के का ख्याल आ रहा था, '...क्या हम उसके लिए कुछ नहीं कर सकते? हमारा भी तो उनके प्रति कोई फर्ज है...।'

'क्या हुआ सादिक बेटे? तुम यहां अकेले क्यों बैठे हो?' अम्मी ने सादिक के कमरे में प्रवेश करते हुए पूछा। सादिक ने नजर उठाकर अम्मी को देखा फिर सिर झुका लिया, बोला कुछ नहीं।

अम्मी ने सादिक के उतरे चेहरे को देखते हुए कहा, 'चलो, सिंवइयां खा लो, मैंने निकाल कर रखी हैं।'

'नहीं अम्मी, अभी मेरा मन नहीं है।' सादिक धीरे से बोला।

'क्यों, क्या हुआ तुम्हें? कहीं बुखार-वुखार तो नहीं है?' सादिक की बात सुनकर अम्मी के माथे पर चिंता की लकीरें उभर आईं। 'नहीं अम्मी, ऐसी कोई बात नहीं है।' सादिक ने मुस्कुराने की कोशिश की, लेकिन मुस्कुरा नहीं सका।

'अच्छा, जाओ कुर्ता-पाजामा उतार कर पैंट-शर्ट पहन लो और दोस्तों के साथ घूम-फिर आओ। तुम्हारा मन बहल जाएगा।' कहती हुई अम्मी कमरे से बाहर चली गईं।

सादिक बेमन से उठा और कपड़े बदलने लगा। उसकी आंखों के आगे अब भी उसी लड़के की तस्वीर तैर रही थी। तभी अचानक उसे कहीं दूर से उसी लड़के की आवाज सुनाई पड़ी। वह लड़का पड़ोस वाले घर के सामने खड़ा अपनी बात दुहरा रहा था, 'बाबू जी! कुछ पैसे दे दो, हम भी खुशी मना लें।'

सादिक ने अलमारी से दस रुपए का नोट उठाया और सीधा बाहर की ओर भागा। उस लड़के के पास जाकर सादिक ने दस का नोट उसके हाथों में थमा दिया। दस रुपए का नोट पाकर उस लड़के का चेहरा खिल गया। सादिक भी उस लड़के की मदद करके मन ही मन बहुत खुश था। जाते-जाते उसने सादिक को सलाम किया। सादिक तब तक उसे देखता रहा, जब तक वह उसकी नजरों से ओझल नहीं हो गया। वह मुड़ने को था कि तभी किसी ने उसके कंधे पर हाथ रखा। उसने मुड़ कर देखा, सामने अब्बू खड़े थे। उनके हाथ में एक बड़ा-सा थैला था। उस थैले को देखकर सादिक को बड़ा आश्चर्य हुआ। उसने पूछा, 'इसमें क्या है अब्बू?'

'इसमें कपड़े और कुछ खाने-पीने की चीजें हैं।' अब्बू ने मुस्कुराकर जवाब दिया।

'लेकिन ये सब तो आप हमारे लिए पहले ही ले आए हैं। फिर से क्यों?' सादिक ने अब्बू की तरफ देखते हुए पूछा।

'आओ मेरे साथ, तुम्हें खुद पता चल जाएगा।' कहकर अब्बू एक ओर चल पड़े।

सादिक की कुछ समझ में नहीं आ रहा था। वह चुपचाप अब्बू के साथ हो लिया। चार-पांच गलियों को पार करते हुए वे लोग एक ऐसी जगह पहुंचे, जहां पर तमाम झुग्गी-झोपड़ियां बनी हुई थीं। उनकी ओर इशारा करते हुए अब्बू बोले, 'सादिक बेटे, इनमें वे लोग रहते हैं, जिन्हें त्योहारों पर भी ढंग का खाना नसीब नहीं होता। हमारा फर्ज बनता है कि हम इनकी मदद करें। यह सामान इन्हीं लोगों के लिए है। लो, इसे अपने हाथों से बांट दो।'

सादिक ने गर्व से अब्बू की ओर देखा। उसके चेहरे की चमक दुगनी हो गई थी। वह ईद के चांद की तरह चमक उठा। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## दो मजेदार कहानियां

बच्चो, अभी कुछ समय पहले ही दो मजेदार कहानियों की चित्र पुस्तक 'उकड़ू उल्लू का चश्मा' छपकर आई है। इसमें पहली कहानी 'उकड़ू उल्लू का चश्मा' एक नन्हे उल्लू के सपने की कहानी है। वह नींद में सपना देखता है कि चश्मा पहनकर वह दिन की रोशनी देखने निकल पड़ता है। यह चश्मा उसे मंगू बंदर देता है। चश्मा पहनकर उसे कैसे मजेदार अनुभव होते हैं, यही इस कहानी में तुम पढ़ सकते हो।



किताब की दूसरी कहानी का शीर्षक 'गोलू बादल' है। यह एक नन्हे बादल की कहानी है, जो अपने बादलों के समूह से अलग हो जाता है। फिर वह हवा के झोंके के सहारे जंगल, नदी, पहाड़ों और एक स्कूल के ऊपर से गुजरते हुए खूब मजे करता है। जहां मन करता है अपनी बूंदें बरसा देता है। खास बात यह है कि ये कहानियां यहां तुम हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी में भी पढ़ सकते हो। *

**किताब**: उकड़ू उल्लू का चश्मा, **लेखिका**: मीनू त्रिपाठी,
**मूल्य**: 220 रुपए, **प्रकाशक**: अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

## हंसगुल्ले



**नैंसी** : ऐसा कौन-सा फूल है, जो होता तो है ! लेकिन दिखता नहीं है?
**नव्या (काफी देर सोचने के बाद)** : मुझे नहीं पता, तुम्हीं बता दो।
**नैंसी (हंसते हुए)** : अप्रैल फूल।
**-खुशबू, रायपुर**

**तन्नू** : ये लो, चॉकलेट खाओ।
**चुन्नू** : चॉकलेट! किस खुशी में?
**तन्नू** : आज तुम्हारा दिन है, इसलिए।
**चुन्नू** : लेकिन आज तो मेरा बर्थ-डे नहीं है। क्या है आज?
**तन्नू** : आज अप्रैल फूल-डे है।
**-मुस्कान, राजनांदगांव**

**सोनू** : क्या तुम जानते हो, सूरज रात को क्यों नहीं दिखाई देता है?
**मोनू** : तुम्हें इतना भी नहीं पता! एक्चुअली, दिन भर आसमान में घूम-घूमकर सूरज थक जाता है, इसलिए वह रात में सो जाता है।
**-कुमकुम, बिलासपुर**

## जीके क्विज-147



1. हाल में ही धरती पर लौटीं सुनीता विलियम्स कितने दिनों तक अंतरिक्ष में रहीं?
2. आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 विजेता टीम को बीसीसीआई ने कितनी राशि देने की घोषणा की है?
3. छत्रपति शिवाजी के पहले मंदिर का उद्घाटन कहां किया गया?
4. विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रत्येक वर्ष कब मनाया जाता है ?
5. ऐतिहासिक इमारत चार मीनार किस शहर में स्थित है?
6. एक्स-रे का आविष्कार किसने किया था?
7. एनीमिया नामक रोग शरीर में किस तत्व की कमी से होता है?
8. 'पॉवर हाउस ऑफ सेल' किसे कहा जाता है?
9. यक्षगान कहां का लोकनृत्य है?
10. उज्जैन किस नदी के किनारे बसा है?


बच्चों, जीके क्विज-147 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-146 का उत्तर :** 1.शुभमन गिल, 2.स्टीव स्मिथ, 3.केरल, 4.फुटबॉल, 5.गैनिमीड, 6.समुद्रगुप्त, 7.मध्य प्रदेश, 8.खान अब्दुल गफ्फार खान, 9.ह्वांगहो नदी, 10.रांची

**जीके क्विज-146 का सही उत्तर देने वाले :** गुंजा-रायपुर, अथर्व-बिलासपुर, पलक-अटेली मंडी, होमन-ईमेल से, राकेश-बलौदा बाजार, शुभम-बलौदा बाजार, टामेंद्र-धमतरी, आराध्या-गरियाबंद, एकता-ईमेल से

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां दिए गए दोनों चित्रों में एक शरारती चूहा रैट-ट्रैप से चीज निकालने की कोशिश कर रहा है। एक जैसे दिखने वाले इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें दो मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। फटाफट सारे अंतर बताओ।



**उत्तर**: 1.चूहे के फेस पर दोनों तरफ पसीने की बूंद है। 2.चूहे के दाएं हाथ की अंगुली नहीं दिख रही है। 3.चूहे की पूंछ दिख रही है। 4.चीज पर कम बबल्स दिख रहे हैं। 5.रैट-ट्रैप की कड़ी का सामने वाला हिस्सा लाल है।

## मैथ्स पजल

बच्चो, नीचे दिए गए पजल को ध्यान से देखो और कैलकुलेट करके बताओ कि प्रश्न वाचक चिन्ह के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?




**उत्तर** : 30

## खबर संक्षेप



### सरसों चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सेक्टर-3 चौकी पुलिस ने रेवाड़ी अनाज मंडी से सरसों चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव डहीना निवासी सावन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए सरसों के कट्टे भी बरामद कर लिए है। अनाज मंडी निवासी फूल सिंह की आढ़त की दुकान है। गत 24 मार्च को उसने अपनी दुकान के सामने सरसों के 12 कट्टे रखे थे, जिनमे से 4 सरसों के कट्टे चोरी हो गए। पुलिस ने बुधवार को आरोपी सावन को गिरफ्तार कर लिया है।

### मारने की धमकी दी आरोपी पर केस दर्ज

**बावल।** पनवाड़ गांव में एक व्यक्ति पर देशी पिस्तौल तानकर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में गांव के ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में गांव निवासी हुकम सिंह ने बताया कि वह अपने खेत में सरसों की कटाई करने के लिए जा रहा था। इसी दौरान उसी के गांव का नरेश ट्रैक्टर लेकर उसके पास आया। उसने देशी पिस्तौल तानकर उसे जान से मारने की धमकी दी। आसपास खड़े लोगों ने पिस्तौल दिखाते हुए उसकी वीडियो भी बना ली। बाद में आरोपी ट्रैक्टर लेकर राजस्थान की ओर भाग गया।

### रिश्तेदार बनकर महिला से 1.60 लाख की ठगी

**रेवाड़ी।** धारूहेड़ा की गोयल कॉलोनी में रहने वाली एक महिला को साइबर ठग ने रिश्तेदार बनकर 1.60 लाख रुपये की ठगी का शिकार बना दिया। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में गोयल कॉलोनी धारूहेड़ा निवासी ज्योति सिंह ने बताया कि उसके पास 20 मार्च को एक अनजान नंबर से फोन आया था। फोन करने वाले ने खुद को उसका रिश्तेदार आकाश बताते हुए कहा कि उसने ज्योति के खाते में 11.30 लाख रुपये भेजने हैं। मेरे खाते से दूसरे अकाउंट में पैसे नहीं जा रहे। उसने इंडियन कुमार नाम के शख्स में खाते में डालने के बोला। उसे उसका खाता नंबर भी दिया गया। उसने उस खाते में अपने खाते से 1.60 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए, जबकि उसके खाते में कोई पैसे नहीं आए थे।

### रायपुर गांव से 70 वर्षीय बुजुर्ग का अपहरण

**बावल।** रायपुर गांव से वीरवार दोपहर नकाबपोश व्यक्ति एक 70 वर्षीय बुजुर्ग को गाड़ी में डालकर ले गए। बावल थाना पुलिस ने सूचना मिलने के बाद केस दर्ज करते हुए बुजुर्ग का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस शिकायत में गांव के नंबरदार शेरसिंह ने बताया कि मूल रूप से राजस्थान के बिचपुरी गांव का रहने वाला रामलाल अविवाहित है। वह लगभग 50 साल उसे उसी के पास रह रहा है। वीरवार सुबह शेरसिंह किसी काम से बावल थाने गया हुआ था। जब वह घर लौटा तो उसे रामलाल नहीं मिला।

### पूनम 11 जिलों की खाद्य विश्लेषक नियुक्त

**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि असिस्टेंट पब्लिक एनालिस्ट राज्य खाद्य प्रयोगशाला हरियाणा चंडीगढ़ प्रतिभा को प्रदेश के 10 जिलों तथा डिस्ट्रिक्ट पब्लिक एनालिस्ट जिला खाद्य प्रयोगशाला करनाल पूनम देवी को जिला रेवाड़ी सहित 11 जिलों के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों व पदनामित अधिकारियों तथा अन्य विभागों से प्राप्त विधिक व निगरानी खाद्य नमूनों के सुचारू विश्लेषण के लिए खाद्य विश्लेषक नियुक्त किया है।

## राजकीय कॉलेज बावल में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम

# डिजिटल भुगतान और ई-कॉमर्स उपभोक्ता साइबर क्राइम से सतर्क रहें: हिंदुस्तानी

एचटीए के प्रदेशाध्यक्ष हितेश हिन्दुस्तानी ने कहा कि उपभोक्ता हितों की रक्षा सर्वोपरि है और दूरसंचार सेवा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए

- वक्ताओं ने कहा वर्तमान मोबाइल और इंटरनेट से जुड़ी धोखाधड़ी के मामले बढ़ रहे




रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते हितेश हिंदुस्तानी व विद्यार्थियों को जानकारी देते साइबर क्राइम एक्सपर्ट। **फोटो: हरिभूमि**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी/बावल**

हरियाणा टेक्निकल एसोसिएशन यानि एचटीए उपभोक्ता वकालत समूह भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण यानि ट्राइ से मान्यता प्राप्त है। एचटीए की ओर से वीरवार को राजकीय महाविद्यालय बावल में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य दूरसंचार उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। आज के समय में मोबाइल फोन, इंटरनेट और टेलीविजन आम जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, लेकिन इनसे जुड़ी समस्याओं का समाधान जागरूकता के अभाव में उपभोक्ताओं के लिए कठिन हो जाता है। इस अवसर पर एचटीए के प्रदेशाध्यक्ष हितेश हिन्दुस्तानी ने कहा कि उपभोक्ता हितों की रक्षा सर्वोपरि है और दूरसंचार सेवा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

यदि किसी उपभोक्ता की समस्या का समाधान संबंधित सेवा प्रदाता द्वारा नहीं किया जाता है, तो एचटीए उनकी शिकायत को हल करने में मदद करती है। कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा और साइबर अपराधों पर भी चर्चा की गई। हितेश ने कहा कि वर्तमान में मोबाइल और इंटरनेट से जुड़ी धोखाधड़ी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। लोग ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, साइबर स्टॉकिंग और अन्य साइबर अपराधों के शिकार हो रहे हैं। इसलिए उपभोक्ताओं को साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक होना बेहद जरूरी है।

### ये सावधानियां बरतें

हितेश ने कहा कि नागरिक जटिल और मजबूत पासवर्ड का इस्तेमाल करें और समय-समय पर उसे बदलते रहें। अपने ऑनलाइन खातों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए दो-स्तरीय प्रमाणीकरण का उपयोग करें। किसी अनजान ईमेल, एसएमएस या कॉल के जरिए आई संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। अगर कोई आपसे बैंक जानकारी मांगता है तो उसकी सत्यता की जांच करें। किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन ट्रांजेक्शन को तुरंत रोके और अपने बैंक को सूचित करें। इसके साथ ही साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि डिजिटल भुगतान और ई-कॉमर्स का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं को विशेष रूप से सतर्क रहने की आवश्यकता है।

### सेवाओं की जानकारी दी

कार्यक्रम में सात महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई, जोकि मोबाइल सेवा उपभोक्ताओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। हितेश ने बताया कि मोबाइल सेवा प्रदाताओं द्वारा साल में अधिकतम पांच ब्लैक आउट-डे होते हैं, जिनमें उपभोक्ता मुफ्त सेवाओं का लाभ नहीं उठा सकते है। ये ब्लैक आउट-डे आमतौर पर त्योहारों के समय होते हैं और उपभोक्ताओं को इसकी जानकारी पहले दी जाती है। प्रीपेड उपभोक्ता भी अपने मोबाइल फोन का बिल मांग सकते हैं और छह महीने तक का रिकॉर्ड प्राप्त कर सकते हैं। उपभोक्ता विदेशी कॉल से सावधानी रखे। अनचाही सेवाओं को 155223 पर कॉल करके बंद किया जा सकता है। 1909 नंबर पर कॉल करके अनचाही कॉल और संदेशों से छुटकारा पाया जा सकता है। हिन्दुस्तानी ने कहा कि यदि किसी उपभोक्ता को कोई समस्या आती है, तो वह सीधे एटीएहरियाणा@जीमेल.कॉम पर शिकायत भेज सकते हैं। इस अवसर पर हरियाणा टेक्निकल एसोसिएशन के सदस्य निलेश, बीएसएनल से जयसिंह, एयरटेल से मोहित, वोडाफोन आइडिया से दीपक शर्मा व रिलायंस जिओ से मनोज उपस्थित थे। इस अवसर पर हरियाणा पुलिस के साइबर एक्सपर्ट इकबाल यादव, जितेंद्र व राजीव ने भी बचाव की तकनीक बताई।

## अधिनियम के तहत एमएसएमई की 17 सेवाएं अधिसूचित की गई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी**



डीसी अभिषेक मीणा।

- डीसी ने दी जानकारी मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने अधिसूचना जारी की

हरियाणा सरकार ने सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम विभाग यानि एमएसएमई की 17 सेवाओं को सेवा का अधिकार अधिनियम 2014 के दायरे में लाते हुए इनकी समय-सीमा निर्धारित की है। साथ ही इन सेवाओं की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए पदनामित अधिकारी, प्रथम शिकायत निवारण प्राधिकारी तथा द्वितीय शिकायत निवारण प्राधिकारी भी अधिसूचित किए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की ओर से इस आशय की एक अधिसूचना जारी की गई है।

डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न विभाग की जिन सेवाओं को सेवा का अधिकार अधिनियम के दायरे में लाया गया है, उनमें मंडी विकास सहायता, परीक्षण उपकरण सहायता स्कीम, क्रेडिट रेटिंग स्कीम, ऊर्जा लेखा परीक्षा स्कीम, पर्यावरण अनुपालना हेतु सहायता, क्रेडिट लिंक्ड ब्याज सब्सिडी स्कीम, सुरक्षा लेखा परीक्षा स्कीम, जल लेखा परीक्षा स्कीम, गुणवत्ता प्रमाणन सहायता स्कीम, स्टाम्प शुल्क रिफंड स्कीम, बिजली शुल्क/ओपन एक्सेस प्रभार छूट, भाड़ा सहायता अनुदान स्कीम, एमएसएमई के लिए ब्याज सब्सिडी, रोजगार सृजन सब्सिडी, प्रौद्योगिकी अधिग्रहण हेतु सहायता, मूल्य वर्धित कर/राज्य माल और सेवा कर पर निवेश सब्सिडी तथा पेटेंट पंजीकरण स्कीम शामिल हैं।

## बैंक और ट्रेजरी कार्यालय 31 को मध्य रात्रि तक खुलेंगे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी**

वित्तीय वर्ष 2024-2025 के समापन पर सरकारी राशि का लेनदेन करने वाले विभिन्न बैंक व कोषागार देय भुगतान प्राप्त करने एवं वितरित करने के लिए 31 मार्च को मध्य रात्रि 12 बजे तक खुले रहेंगे। डीसी अभिषेक मीणा ने पंजाब वित्तीय नियम भाग-1 के नियम 3.40 नोट (5) एवं 3.65 (ए) अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह आदेश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि बैंक शाखा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया रेवाड़ी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बावल, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कोसली, एलडीएम पंजाब नेशनल बैंक रेवाड़ी, ट्रेजरी कार्यालय रेवाड़ी, सब-ट्रेजरी कार्यालय बावल व सब-ट्रेजरी कार्यालय कोसली 31 मार्च को रात 12 बजे तक खुले रहेंगे।

## जरूरतमंद बच्चों वितरित की टी-शर्ट

- मनौरी सेवा समिति ने ईंट भट्ठों व झुग्गी झोपड़ियों में की मदद



रेवाड़ी। बच्चों को टी-शर्ट वितरित करते समिति के सदस्य। **फोटो: हरिभूमि**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली**

मनौरी देवी माता मंदिर सेवा समिति की ओर से सुधराना व नाहड़ के ईंट भट्ठों व झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले जरूरतमंद बच्चों को गर्मी के मौसम में टी-शर्ट वितरित किए।

समिति अध्यक्ष तिलकराज शर्मा ने बताया कि मनौरी सेवा समिति की ओर से पिछले दस वर्ष से अनेक प्रकार के सामाजिक कार्य किए जा रहे है।

समिति जरूरतमंद लोगों की मदद के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण व पशु पक्षियों के लिए कार्य कर रही है। समाजसेवी संदीप कुमार व सुंदर जाखड़ ने बताया कि संस्था की ओर से दानदाताओं के सहयोग से सामाजिक कार्य किए जा रहे है। उन्होंने गर्मी के मौसम में नागरिकों से पक्षियों के लिए अपने घरों की छत पर दाना और पानी की व्यवस्था करने की अपील की है।

## बच्चों का सरकारी स्कूल में दाखिला कराने के लिए अभिभावकों को किया जागरूक

- राजकीय उच्च विद्यालय सुरेहली के अध्यापकों ने चलाया अभियान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली**



रेवाड़ी। अभिभावकों से बच्चों के दाखिला कराने की अपील करते अध्यापक।

राजकीय उच्च विद्यालय सुरेहली के अध्यापकों की ओर से बच्चों को सरकारी स्कूल में दाखिला दिलाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। मुख्याध्यापक नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों की टीम ने घर-घर जाकर पिछले सत्र में विद्यालय में पढ़े तथा अन्यत्र पढ़ रहे विद्यार्थियों के अभिभावकों से सम्पर्क कर सरकारी विद्यालय में दाखिला कराने का अनुरोध किया। मुख्याध्यापक ने बताया गया कि एक अप्रैल को विद्यालय में प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा, जिसमें प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित भी किया जाएगा। उसी दिन विद्यार्थियों को पुस्तकें भी वितरित की जाएगी। टीम में शिक्षक यशवंत सिंह, सुनीता बाई, हुकम सिंह, चिमन लाल व संतोष देवी शामिल रही। सरकार के जीरो ड्राप आउट के कार्यक्रम को साकार करने के लिए सरकारी विद्यालयों के अध्यापक घर-घर जाकर दस्तक दे रहे हैं। विद्यालयों में एक अप्रैल को प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए गांव के सरपंच, व्यक्तियों, शिक्षाविदों व अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है।

## सीहा स्कूल का शैक्षणिक सत्र का रोड मैप तैयार, 29 को चर्चा

- चर्चा में पांच गांवों के अभिभावक शामिल होंगे

**रेवाड़ी।** गत शैक्षणिक सत्र में विज्ञान संकाय के अंतर्गत सरकारी स्कूलों में जिला टॉपर देने वाले सीहा के सरकारी स्कूल ने 1 अप्रैल से प्रारंभ हो रहे नए शैक्षणिक सत्र का रोड मैप तैयार कर लिया है, जिसकों लेकर 29 मार्च को पांच गांवों के अभिभावकों के अलावा स्कूल प्रबंधन समिति, ग्राम पंचायत तथा क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं व शिक्षाविदों के साथ चर्चा की जाएगी। एक अप्रैल को नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत तथा 2 अप्रैल को स्कूल प्रबंधन समिति नई परियोजनाओं को लागू करने के लिए बैठक होगी। विद्यालय के स्टाफ सचिव यशपाल आर्य ने बताया कि विज्ञान संकाय में जिला टॉपर देने वाला सीहा स्कूल इससे पहले विज्ञान प्रदर्शनी, युवा संसद, कानूनी साक्षरता, कला उत्सव व सांस्कृतिक उत्सव प्रतियोगिताओं में जिला तथा राज्य स्तर पर विजेता रहकर गौरव बढ़ा चुका है। पिछले साल विद्यालय में पहली बार कबड्डी की खेल नर्सरी प्रारंभ हुई तथा इस वर्ष कबड्डी के अलावा एथलेटिक्स की खेल नर्सरी के लिए भी विद्यालय ने आवेदन किया है। विद्यालय में प्रभावी सदन प्रक्रिया, दैनिक प्रेरक प्रार्थना सभा, साप्ताहिक रोचक बाल सभा, मासिक प्रतिभा प्रोत्साहन कार्यक्रम, हरे-भरे लॉन, विशाल सभागार, स्मार्ट क्लास रूम्स, पुस्तकालय, लंबा-चौड़ा खेल परिसर, वर्किंग मोड आदि सुधार का प्रारूप तैयार किया है।

## सेवा स्तंभ संस्था ने सिविल सर्जन डॉ. नरेंद्र दहिया का स्वागत किया

- दहिया ने कहा कि वे जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए संकल्पबद्ध

**हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी**



रेवाड़ी। सीएमओ का स्वागत करते सेवा स्तंभ के सदस्य। **फोटो: हरिभूमि**

सामाजिक संस्था सेवा स्तंभ की ओर से डॉ. नरेंद्र दहिया का सिविल सर्जन के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

संस्था के प्रधान भगत सिंह सांभरिया एवं कार्यकारणी के पदाधिकारियों सीएमओ को स्वास्थ्य विभाग के चहुंमुखी विकास के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर डॉ. दहिया ने कहा कि वे जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। उन्होंने टीमवर्क को प्राथमिकता देते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को उच्च स्तर तक पहुंचाने पर बल दिया। इस अवसर पर अजीत सिंह वरिष्ठ उपप्रधान, एडवोकेट राजकुमार जलवा विधि सलाहकार, सतबीर गोठवाल ऑडिटर,आर के बलवारिया, बहादुर सिंह पूर्व सरपंच व विजय सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी उपस्थित थे।

## लोगों को न्याय से जोड़ने का सरल माध्यम बन रही हेल्पलाइन 15100



सीजेएम अमित वर्मा।

- इस हेल्पलाइन नंबर को देश के सभी जिलों में लागू कर दिया गया, मिलेगा न्याय

**रेवाड़ी।** जिले में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण यानि नालसा की महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 15100 का क्रियान्वयन जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुरविंद्र सिंह वधवा के मार्गदर्शन में प्रभावी रूप से किया जा रहा है। हेल्पलाइन की देखरेख मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित वर्मा की ओर से की जा रही है। सीजेएम अमित वर्मा ने बताया कि न्याय प्रणाली को हर नागरिक के लिए अधिक सुलभ और सुगम बनाने के उद्देश्य से, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से एक हेल्पलाइन नंबर 15100 शुरू किया गया है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से देशभर के नागरिक किसी भी प्रकार की कानूनी जानकारी या सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए देश के सभी जिलों में इस हेल्पलाइन को लागू किया गया है। किसी भी कानूनी समस्या का सामना कर रहे लोग, चाहे वे किसी भी वर्ग से हों, इस नंबर पर फोन करके निशुल्क कानूनी परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। यह पहल कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए की गई है।

### आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को फायदा होगा

सीजेएम ने बताया यह सेवा विशेष रूप से उन लोगों के लिए है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं या कानूनी जानकारी प्राप्त करने में असमर्थ हैं। इस हेल्पलाइन नंबर को देश के सभी जिलों में लागू कर दिया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के माध्यम से इसे क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 15100 हेल्पलाइन सेवा लोगों को न्याय से जोड़ने का एक सरल और प्रभावी माध्यम साबित हो रही है, जो बिना किसी जटिल प्रक्रिया के त्वरित कानूनी सलाह और सहायता प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है।

## योग | आईजीयू में स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के लिए योग विषय पर सत्र का आयोजन

# योगाभ्यास से मानसिक शांति और जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता: डॉ. शर्मा

विद्यार्थियों को योग के स्वास्थ्य और कल्याण में योगदान के बारे में जानकारी दी

- नियमित योगाभ्यास से मानसिक शांति मिलती है

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी**



रेवाड़ी। कार्यक्रम में योगाभ्यास करते शिक्षक व विद्यार्थी।

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में योग विभाग की ओर से संचालित साप्ताहिक कार्यशाला में वीरवार को स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के लिए योग विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डा. इंदु शर्मा राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता सहायक प्रोफेसर योग मोरारजी देसाई नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ योग ने विद्यार्थियों को योग के स्वास्थ्य और कल्याण में योगदान के बारे में जानकारी दी। डा. शर्मा ने योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों को उजागर किया।

उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर का लचीलापन, मानसिक शांति और जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। उन्होंने मानसिक तनाव को कम करने में सहायक ध्यान और प्राणायाम के महत्व को भी बताया।

### विभिन्न आसन करके दिखाए

कार्यक्रम में योग के विभिन्न आसनों का प्रदर्शन भी कराया गया। डा. शर्मा ने कहा कि आज के समय में योग जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है और इसे नियमित रूप से अपनाकर हम अनेक रोगों से बच सकते हैं। प्रोफेसर एनपी गिरि ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। कार्यशाला के समन्वयक डा. जयपाल सिंह राजपूत ने मुख्य वक्ता को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। सह समन्वयक डा. अमनदीप ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर योग शिक्षक अमित कुमार व हनुमंत सहित उपस्थित थे।

**नीलामी सूचना**

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धारूहेड़ा में लोहे, लकड़ी व प्लास्टिक आदि के कबाड़ की खुली नीलामी दिनांक 02.04.2025 को सुबह 9 बजे की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति विद्यालय में संपर्क करें।**

**निवेदक**

**समस्त विद्यालय प्रबंधन समिति**
**रा०क०व०मा०वि० धारूहेड़ा (रेवाड़ी)**

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खण्ड कार्यालय की पुरानी कण्डम बिल्डिंग व पुराना लोहा की खुली बोली खण्ड कार्यालय नाहड में दिनांक 03.04.2025 को दोपहर 01:00 बजे छोड़ी जायेगी। जिसकी शर्ते निम्न प्रकार से है

1. सिक्योरिटी राशि 10000 रू० बोली से पूर्व जमा करवाने होंगे।
2. पुरानी कण्डम बिल्डिंग की बोली 80000 रु० से शुरू होगी।
3. लोहे की बोली मु० 32 रू० प्रति कि०ग्राम से शुरू होगी।
4. सफल बोलीदाता को बोली की राशि तीन कार्यदिवस के अन्दर अन्दर जमा करवानी होगी।
5. सफल बोलीदात द्वारा बोली की राशि निर्धारित समय में जमा न करवाने की सूरत में सिक्योरिटी राशि जब्त करके दोबारा बोली छोड़ दी जायेगी।
6. अन्य शर्ते अध्यक्ष महोदय द्वारा मौके पर बता दी जाएंगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी पंचायत समिति, नाहड।

**खबर संक्षेप**



## बाइक चोरी करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना धारूहेड़ा पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गांव रालियावास निवासी विकास व दीपक के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। गुरुग्राम के गांव लोकरी निवासी प्रधान सिंह ने गत 21 फरवरी को अपनी बाइक को गांव कापडीवास के सरकारी स्कूल के सामने खड़ा किया था। जिसे कोई व्यक्ति चोरी करके ले गया है। पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

> 21 फरवरी को बाइक कापडीवास के सरकारी स्कूल के पास से चोरी हुई थी

### गुरुग्राम मंडल आयुक्त आरसी बिधान ने किया रेवाड़ी अनाज मंडी का दौरा

# वीरवार को रेवाड़ी, बावल व कोसली में 20 हजार क्विंटल सरसों की सरकारी खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी/कोसली/बावल

मौसम साफ रहने पर किसान जोर-शोर से सरसों की कटाई में लगे हुए है। अनाजमंडी में सरसों की आवक भी लगातार बढ़ रही है। खरीदी गई सरसों का उठान भी समय पर होने लगा है, लेकिन अभी भी कुछ किसान अनाजमंडी में ज्यादा नमी की सरसों लेकर पहुंच रहे है, जिससे फड पर सुखाएं जाने से जगह की कमी होने लगी है। अनाजमंडी में सड़क तक सरसों डाली जा रही है। रेवाड़ी अनाजमंडी में हैफेड की ओर से वीरवार को 465 किसानों से 8599 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। हैफेड की ओर से अभी तक 40 हजार क्विंटल यानि 80 हजार बैग सरसों की खरीद की जा चुकी है, जिसमें 650 हजार बैग का उठान भी किया जा चुका है। सरसों की खरीद 5950 रुपये एमएसपी पर की जा रही है। बावल अनाजमंडी में वेयर हाउस कारपोरेशन की ओर से वीरवार को 124 किसानों से 2499 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। वेयरहाउस से परचेजर सुरेन्द्र ने बताया कि अब तक 7180 क्विंटल सरसों खरीदी जा चुकी है तथा साथ ही सरसों का उठान किया जा रहा है। ओपन में भी अब तक करीब 40 हजार क्विंटल से अधिक सरसों बेची जा चुकी है।

> ■ रेवाड़ी मंडी में अब तक 32347 क्विंटल सरसों की आवक हुई



रेवाड़ी। रेवाड़ी अनाजमंडी में सरसों खरीद का जायता लेते मंडल आयुक्त डीसी व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### फसल खरीद में किसानों को न आने दी जाए परेशानीः आरसी बिधान

गुरुग्राम मंडल आयुक्त रमेश चंद्र बिधान ने कहा कि अनाज मंडियों में फसल की खरीद के दौरान किसानों को कोई परेशानी न हो। अधिकारी पूरी संजीदगी बरतते हुए अपने दायित्व का निर्वहन करें। किसी भी रूप से किसानों को अनाज मंडी में फसल बेचने के दौरान कोई दिक्कत महसूस होती है तो उसका प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। गुरुग्राम मंडल आयुक्त ने वीरवार को डीसी अभिषेक मीणा व एसडीएम सुरेंद्र सिंह के साथ रेवाड़ी अनाजमंडी में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंडल आयुक्त ने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कृषि उत्पादन के दौरान हर संभव सहयोग कर रही है तथा फसलों की खरीद प्रक्रिया भी पारदर्शी ढंग से करने में सजग है। अधिकारियों व किसानों से भी बातचीत की। किसान अपनी फसलों को सुखाकर लाएं ताकि निर्धारित मात्रा होने से उनकी फसल खरीद सही तरीके से हो सके। उन्होंने अधिकारियों को मंडी परिसर में किसानों की सुविधा के लिए पर्याप्त बिजली, पानी, सफाई व्यवस्था व अन्य मूलभूत सुविधाएं पूरी करने के निर्देश दिए। मार्केट कमेटी सचिव नरेंद्र सिंह ने बताया कि रेवाड़ी मंडी में अब तक 32347 क्विंटल सरसों की आवक हुई, जिसका उठान हैफेड कर रही है और बावल मंडी में 4716 क्विंटल सरसों की आवक हुई, जिसका उठान हरियाणा राज्य भंडारण निगम कर रहा है।





रेवाड़ी। अनाजमंडी में सरसों की नमी चैक करते हैफेड कर्मचारी तथा कोसली अनाजमंडी में पड़े सरकारी सरसों के कट्टे। फोटो : हरिभूमि

### कोसली अनाज मंडी में बढ़ी सरसों की आवक

कोसली अनाज मंडी में खरीद शुरू होने के बाद सरसों की भारी आवक हो रही है। मार्केट कमेटी के सचिव नरेंद्र यादव ने बताया कि मंडी में अब तक 2430 किसानों को 47535 क्विंटल सरसों के गेट पास जारी किए चुके हैं। खरीद एजेंसी एनसीसीएफ के अधिकारी रसपाल सिंह ने बताया कि बुधवार शाम तक 16316 किवंटल सरसों की खरीद हुई थी। वीरवार शाम तक 8901 क्विंटल सरसों की खरीद हो चुकी थी। मंडी एसोसिएशन से दिनेश गोयल ने बताया कि खरीद एजेंसी की सुस्ती के कारण टैग उपलब्ध नहीं हो पाए हैं, जिसके कारण बैग्स की सिलाई नहीं होने से स्टाक जमा हो रहा है।



रेवाड़ी। आस्था कुंज का निरीक्षण करते सीजेएम अमित वर्मा। फोटो : हरिभूमि

## सचिव ने किया वृद्धाश्रम और बाल गृह आस्था कुंज का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

वीरवार को मुख्य दंडाधिकारी व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित वर्मा ने वृद्धाश्रम और बाल गृह आस्था कुंज का दौरा किया। उन्होंने वृद्धाश्रम और आस्था कुंज के कार्यों की समीक्षा की। वृद्धाश्रम के निरीक्षण के दौरान जगदीश सहायक और 11 बुजुर्ग मौजूद मिले। उन्होंने बुजुर्गों की समस्याएं सुनी और उनके निवारण के लिए निर्देश दिए। आस्था कुंज के निरीक्षण के दौरान अधीक्षक मुग्धा और परिवीक्षा अधिकारी अजमेर सिंह गोदारा ने बताया की बाल गृह में 20 बच्चे रह रहें है। डालसा सचिव अमित वर्मा ने बच्चों से बातचीत कर के उनको मिलने वाली सुविधाओं को जाना।

इस मौके पर सीजेएम अमित वर्मा ने कहा कि कानूनी सहायता और उनकी सेवाओं के बारे में सभी को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए कार्यरत है। विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के लिए निशुल्क कानूनी सेवाओं की पेशकश करना व साथ में उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने का प्रयास करता है। उन्होंने बताया कि लीगल एड द्वारा सीनियर सिटीजन, महिलाएं, बच्चों, अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों व तीन लाख से कम वार्षिक आय वाले सभी व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता दी जाती है और कोई भी व्यक्ति कानूनी सलाह व सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकता है।

> ■ वृद्धाश्रम और आस्था कुंज के कार्यों की समीक्षा की

## लोगों को दांतों के रखरखाव व बीमारियों से बचाव को लेकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नाहड़

राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य माह के तहत वीरवार को पीएचसी लिलोढ़ की टीम ने गांव के ईंट भट्ठों पर लोगों को दांतों के रखरखाव व बीमारियों से बचाव को लेकर जागरूक किया। इस अवसर पर कैंप का आयोजन भी किया गया तथा बच्चों को ब्रश तथा पेस्ट वितरित किए गए।

डेंटल सर्जन डा. दीक्षा शर्मा की अगुवाई में एमपीएचडब्ल्यू देवकरण तथा कैलाश ने लोगों को दांतों की बीमारियों के प्रति जागरूक किया। कैंप में लोगों के दांतों का चेकअप करके दवाइयां वितरित की गई। इस अवसर पर डा. दीक्षा शर्मा ने लोगों को मुख से संबंधित बीमारियों व उनके बचाव के तरीके बताएं और मुंह में होने वाले कैंसर के लक्षणों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य और चमकते दांत न केवल आपकी मुस्कान को खूबसूरत बनाते हैं, बल्कि संपूर्ण सेहत के लिए भी बेहद जरूरी होते हैं। उन्होंने कहा कि दांत सेंसिटिव तथा अनमोल होते हैं। हमें इनकी विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है।



रेवाड़ी। लोगों को जानकारी देते हुए डा. दीक्षा शर्मा। फोटो : हरिभूमि

## बुजर्ग के बैंक खाते से 20 लाख रुपये उड़ाने के मामले में एक आरोपी किया गिरफ्तार



**रेवाड़ी।** रामपुरा थाना पुलिस ने गांव धामलावास निवासी एक बुजर्ग के बैंक खाते से 20 लाख रुपये उड़ाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला नीमराना के गांवबाटखानी निवासी सोनू उर्फ सूरज के रूप में हुई है। गांव धामलावास निवासी एक बुजर्ग व्यक्ति अर्जुन सिह के दो बैंक अकाउंट रेवाड़ी पीएनबी बैंक में है तथा दोनों अकाउंट में 24 लाख रुपये थे। जब उसने 24 अक्टूबर 2024 को अपने बैक अकाउंट चेक किए तो दोनों खातों की स्टेटमैंट से करीब 20 लाख रुपये यूपीआई के माध्यम से निकाले हुए मिले थे, जिसमे उसके रजिस्टर मोबाईल नंबर का प्रयोग किया गया था। उसका रजिस्टर मोबाइल नंबर कई दिन से उसका पोता कपिल प्रयोग कर रहा था। जब उसने अपने पोते से पूछताछ की तो उसने बताया की मोबाइल का सिम कार्ड उसका दोस्त हिमांशु यादव व सोनू उर्फ सूरज उसे खाने पीने का लालच देकर व बहला फुसलाकर ले गए थे। सोनू व हिमांशु ने मिलकर यूपीआई के माध्यम से खातों से 20 लाख रुपये निकलवाए थे। पुलिस ने थाना रामपुरा में ठगी का मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त एक आरोपी सोनू उर्फ सूरज को काबू कर लिया है।

## समाधान शिविर में छह महीने से बंद वृद्धावस्था पेंशन की चालू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा प्रत्येक कार्य दिवस पर लघु सचिवालय सभागार में समाधान शिविर के माध्यम से जन सुनवाई कर रहे हैं। वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में डीसी मीणा ने एडीसी अनुपमा अंजलि, डीएमसी राहुल मोदी व एसडीएम सुरेंद्र सिंह के साथ नागरिकों की समस्याएं सुनकर समाधान के निर्देश दिए। शिविर में चंद्रभान निवासी साधुशाह नगर की 6 महीने से बंद वृद्धावस्था पेंशन को मौके पर दोबारा से चालू किया गया। शिविर में नागरिकों ने भावांतर भरपाई योजना, प्रॉपर्टी आईडी में त्रुटियां, अवैध कब्जा व परिवार पहचान पत्र अपडेशन जैसी शिकायतें दर्ज की। डीसी ने अधिकारियों को शिकायतों का निपटारा तत्काल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और समाधान शिविर इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।



रेवाड़ी। समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते डीसी।

## सीहा के अमित सिंह को मिली पीएचडी की डिग्री



रेवाड़ी। गांव सीहा निवासी अमित सिंह पीएचडी डिग्री के साथ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुंड

गांव सीहा निवासी अमित सिंह ने मैनेजमेंट विषय में पीएचडी की डिग्री हासिल की है। उत्तरप्रदेश में सहारनपुर की ग्लोकल यूनिवर्सिटी ने उन्हें इस डिग्री से नवाजा गया। अमित सिंह इस समय आरपीएस संस्थान में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है। नेट क्वालीफाई अमित सिंह ने बीबीए, एमबीए, बीएड व एमकॉम में भी डिग्री हासिल की हुई है। अमित ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता को दिया है। पूर्व जिला पार्षद सुमन यादव, गांव की सरपंच सरिता यादव, पूर्व सरपंच बिक्रम सिंह पाण्डे व दीपक यादव ने अमित सिंह को बधाई दी है ।

# क्रेडिट कार्ड से 1.50 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

> ■ हरीन्द्र सिंह सेठी व करनदीप सिंह को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है तथा आरोपी रेहान को दो दिन के रिमांड पर लिया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने मोहल्ला जसवंत नगर कुतुबपुर निवासी एक व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड से 1.50 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान दिल्ली के राजौरी गार्डन निवासी हरीन्द्र सिंह सेठी, दिल्ली के गुरु नानक नगर निवासी करन दीप व दिल्ली की जे जे कालोनी निवासी रेहान के रूप में हुई हैं। मोहल्ला जसवंत नगर कुतुबपुर निवासी विपिन कुमार ने एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। उसने एसबीआई का क्रेडिट कार्ड लिया हुआ है, जिसको उसने चालू नहीं किया था। गत 2 मार्च को उनके मोबाइल फोन पर एक फोन आया। फोन करने वाले ने अपने आप को एसबीआई बैंक से अजय जोशी बताते हुए उससे क्रेडिट कार्ड चालू करने बारे कहा, जिस पर उसने मना कर दिया। इसके बाद उसने कॉलर से क्रेडिट कार्ड से 1061 रुपये का चार्ज कटने बारे पूछा तो उसने झूठे झांसे में फंसाकर क्रेडिट कार्ड से खरीदारी करने को बोला। इसके बाद उसने क्रेडिट कार्ड से 657 रुपये 67 पैसे तेल डलवाया और उसी दिन 796 रुपये 29 पैसे गैस सिलेंडर की ऑनलाइन पेमेंट की थी। उसके बाद उसका कार्ड ब्लॉक हो गया।

इसके बाद उसने अजय जोशी से सम्पर्क किया तो उसने अपनी सीनीयर प्रियंका से कान्फ्रेंस पर बात कराई और उन्होने एक कस्टमर केयर नंबर देकर बात करने लिए कहा। इसके बाद उसके पास क्रेडिट कार्ड की पेमेन्ट 1 लाख 50 हजार 347 रुपये भरने का मैसेज आया। इस तरह उसके क्रेडिट कार्ड से 150347 रुपये की धोखाधड़ी हो गई। पुलिस ने साइबर थाना में ठगी का मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पता लगा कि साइबर ठगी में प्रयोग की गई सभी फर्जी सिम दिल्ली के राजौरी गार्डन निवासी हरीन्द्र सिंह सेठी द्वारा अपने दो साथी करन दीप व रेहान के माध्यम से साइबर फ्रॉड करने वाले लोगों को उपलब्ध कराई गई थी। पुलिस ने मामले में संलिप्त तीनों आरोपी हरीन्द्र सिंह सेठी, करनदीप सिंह व रेहान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश करके आरोपी हरीन्द्र सिंह सेठी व करनदीप सिंह को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है तथा आरोपी रेहान को पूछताछ के लिए दो दिन के रिमांड पर लिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी करने वाले तीन आरोपी। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। विधानसभा सत्र में क्षेत्र की मांगे रखते लक्ष्मण सिंह।

## विधानसभा सत्र में धारूहेड़ा खंड व सब तहसील को उपमंडल का दर्जा देने की मांग उठाई

**रेवाड़ी।** हरियाणा विधानसभा के चल रहे बजट सत्र में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने धारूहेड़ा खंड व सब तहसील को उपमंडल का दर्जा दिए जाने की मांग को प्रमुखता के साथ उठाया। निकाय मंत्री विपुल गोयल ने नियमों का हवाला देते हुए उपमंडल से पूर्व धारूहेड़ा को तहसील का दर्जा दिए जाने का आश्वासन दिया। विधायक लक्ष्मण सिंह ने कहा कि वर्तमान में धारूहेड़ा उपमडंल बनाए जाने की सभी शर्तें पूरी कर रहा है। धारुहेड़ा मे नगर पालिका, सब तहसील के साथ सात बीडीओ कार्यालय भी है। इसके अलावा वर्तमान जनसंख्या एक लाख 32 हजार 875 है। धारूहेड़ा के अधीन 36 गांव भी आते हैं। 43 हजार जनसंख्या तो मात्र नगर पालिका क्षेत्र की ही है। इसलिए धारूहेड़ा को सब डिवीजन को दर्जा दिया जाना चाहिए। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने बताया कि उपमंडल के लिए 40 गांव होने चाहिए, जबकि आंकड़ों में जनसंख्या 1 लाख 5 हजार है। नई जनगणना आएगी तो उसके बाद इसे रिव्यू किया जाएगा। इसके अलावा उपमंडल निर्माण के लिए 15 हजार हैक्टेयर से ऊपर का क्षेत्रफल अनिवार्य है, जबकि धारूहेड़ा का ऐरिया 13.500 हैक्टेयर है। मंत्री ने कहा कि धारूहेड़ा वर्तमान में उपतहसील है। पहले उसे तहसील बनाया जाएगा। विधायक ने कहा कि हरियाणा में जनसंख्या के आधार पर सबडिवीजन का निर्माण कराया जा रहा है। अगर तकनीकी रूप से इसके निर्माण में कुछ कमियां हैं, तो फिलहाल तहसील का दर्जा दिया जाए तथा आने वाले समय में धारूहेड़ा को उपमंडल का दर्जा दिया जाए।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

## यादव कल्याण सभा का निःशुल्क कैंप व मासिक बैठक 30 को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में 30 मार्च को सुबह 9 से 11 बजे तक फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। सभा प्रवक्ता प्रोफेसर सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. एच आर यादव मेडिसिन, डा. अजय यादव हड्डीरोग, डा. अभिनव राव सर्जरी व डा. अजीत सिंह यादव चर्मरोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि कैंप के उपरांत प्रधान रामबीर यादव की अध्यक्षता व महंत लाल दास महाराज के सानिध्य में मासिक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमे इस महीने की गतिविधियों का ब्योरा पेश किया जाएगा।

> ■ 30 मार्च को सुबह 9 से 11 बजे तक फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा

**योजना** कोसली में 500 से अधिक उपभोक्ता करा चुके योजना का ऑलाइन रजिस्ट्रेशन

# कोसली में लोकप्रिय साबित हो रही पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना

> 99 उपभोक्ताओं ने उठाया सब्सिडी का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की कोसली डिवीजन में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अत्यंत लोकप्रिय साबित हो रही है। 500 से अधिक उपभोक्ता इस स्कीम के पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता विजयपाल यादव ने बताया कि कोसली डिवीजन में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में दो किलोवाट तक के सोलर पावर प्लांट पर केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार की ओर से अंत्योदय परिवार के लाभार्थी को अनुदान दिया जाता है। जिस परिवार की वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये है, वह पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ ले सकता है। दो किलोवाट क्षमता के सोलर पावर प्लांट पर केंद्र सरकार 60 हजार रुपये तथा हरियाणा सरकार 50 हजार रुपये का अनुदान देती है। इसमें केंद्र सरकार से मिलने वाली सब्सिडी उपभोक्ता के सीधे खाते में जमा होती है, जबकि हरियाणा सरकार से मिलने वाले अनुदान का पात्र व्यक्ति को चेक दिया जाता है।

एक्सईएन विजयपाल यादव ने बताया कि अभी तक 99 बीपीएल उपभोक्ताओं को 48 लाख 98 हजार रुपये की सब्सिडी के चेक दिए जा चुके हैं। दो किलोवाट का सोलर पावर प्लांट लगवाने के लिए करीब सवा लाख रुपए की लागत आती है, जिसमें से एक लाख दस हजार रुपये बीपीएल उपभोक्ता को अनुदान के रुप में वापस मिल जाते हैं। इस प्रक्रिया में एक माह से अधिक समय नहीं लगता है। उन्होंने बताया कि तीन किलोवाट की क्षमता के सोलर पावर प्लांट पर केंद्र सरकार की ओर से 78 हजार रुपये का अनुदान दिया जाता है, जिसकी लागत करीब पौने दो लाख रुपए है। इसमें राज्य सरकार की ओर से आर्थिक सहायता नहीं दी जाती है। एक्सईएन ने बताया कि पीएम सूर्य घर बिजली योजना में ऑन ग्रिड इन्वर्टर लगाया जाता है। अर्थात घर में जरूरत से ज्यादा बिजली आ रही है तो वह आटोमैटिक ढंग से बिजली विभाग की लाइन में चली जाती है और उसकी राशि उपभोक्ता के बिजली बिल में कम हो जाती है। ऊर्जा की बचत व वैकल्पिक ऊर्जा के सदुपयोग की पूर्ति में यह स्कीम सफल साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में तीन करोड़ घरों तक इस मुफ्त बिजली योजना को पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।



रेवाड़ी। उपभोक्ता को अनुदान राशि का चेक प्रदान करते हुए एक्सईएन विजयपाल यादव। फोटोः हरिभूमि